सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-430
10/10/2018

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली के पास फरक्का एक्सप्रेस रेल दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना, 10 अक्टूबर, 2018 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली के पास फरक्का एक्सप्रेस रेल दुर्घटना में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन विभाग एवं राज्य रेल मुख्यालय को निदेशित किया कि घटनास्थल के रेल प्रशासन तथा स्थानीय जिला प्रशासन के पदाधिकारियों से तत्काल समन्वय करते हुये राहत कार्य तथा घायलों के शीघ्र समुचित इलाज की दिशा में अपेक्षित कार्य सुनिश्चित करायें। अब तक प्राप्त सूचनानुसार इस दुर्घटना में मुंगेर जिला के 04 एवं किशनगंज के 01, कुल 05 लोगों की मृत्यु हुई है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में हताहत हुये बिहार के मृतकों के परिजन को तत्काल 02—02 लाख रूपये तथा घायलों को 50—50 हजार रूपये का अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी ईश्वर से कामना की है।

******